42वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में राजस्थान मंडप का हुआ शुभारंभ

चर्चा में क्यों?

14 नवंबर, 2023 को नई दिल्ली के प्रगति मैदान में प्रारंभ हुए 14 दिवसीय 42वें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय व्यापार मेले में नए रूप में निर्मित राजस्थान मंडप का शुभारंभ राज्य की अतिरिक्त मुख्य सचिव उद्योग एवं वाणिज्य वीनू गुप्ता और राजस्थान लघु उद्योग निगम लिमिटेड (राजसीको) की प्रबंध निदेशक डॉ. मनीषा अरोड़ा ने किया।

प्रमुख बिंदु

- राजस्थान मंडप में आने वाले देशी-विदेशी आगंतुको को प्रदेश के विश्व प्रसिद्ध उत्पादों को देखने व खरीदने का अवसर मिलेगा।
- इस बार ट्रेड फेयर में आर.एस.एस.आई.सी के राजस्थली सहित पर्यटन, खादी, महिला एवं बाल विकास विभाग और उद्योग विभाग भाग ले रहे हैं।
- मंडप में राजस्थान के विभिन्न अंचलों से व्यापार मेले में भाग लेने आये उद्यमियों द्वारा लगभग 25 स्टालों का प्रदर्शन किया है, जिसमें राजस्थान के विश्व प्रसिद्ध हस्तशिल्प उत्पादों को विशेष रूप से देश-विदेश में धूम मचाने वाली राजस्थानी हस्तशिल्प वस्तुओं में लाख की चूड़ियां, महिलाओं के शृंगार के विविध आईटम्स, टैक्सटाईल्स का सामान, चद्दरें और मोजड़ियों के उत्पादों के स्टॉल शामिल हैं।
- राजस्थानी व्यंजनों के खानपान की व्यवस्था इस बार राजस्थान पर्यटन विकास निगम के माध्यम से की गई है।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-of-rajasthan-pavilion-in-42nd-indian-international-trade-fair